<u>सूचना</u>

मतदाता के रूप में पंजीकरण करें

आप एक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के योग्य हैं यदि आप:

- 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं;
- हांगकांग के स्थायी निवासी हैं; और
- आमतौर पर हांगकांग में रहते हैं।

आवेदन के लिए समय सीमा

नया पंजीकरण: 2 जून 2024

विवरण के परिवर्तन पर सूचित करना: 2 जून 2024

(नया पंजीकरण या पंजीकृत पते में परिवर्तन के लिए आवेदन जमा करते समय मतदाताओं को पते का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है सिवाय उन व्यक्तियों के जो कि आवास विभाग के तहत सार्वजनिक किराये के आवास के अधिकृत निवासी हैं या हांगकांग हाउसिंग सोसायटी के तहत रियायती आवास के किरायेदारी में पंजीकृत निवासी हैं।)

पते के प्रमाण की आवश्यकताएं को यहां देखें: https://www.reo.gov.hk/en/voter/ap.htm

आवेदन पत्र यहाँ पर उपलब्ध हैं:

<u>अल्पसंख्यक जातीय लोगों के लिए समर्थन सेवा केंद्र</u>

- HOPE केंद्र (वान चाई)
- CHEER केंद्र (क्वून तोंग)

- HOME केंद्र (याऊ चीम मोंग)
- HOME उप-केंद्र (शाम शुई पो)
- LINK केंद्र (क्वाई चींग)
- ONE केंद्र (तुन मुन)
- YLTH केंद्र (युन लोंग)
- TOUCH उप-केंद्र (तुंग चुंग)

सरकारी और अन्य कार्यालय

- पंजीकरण और चुनाव कार्यालय (REO)
- जिला कार्यालय और सार्वजनिक आवास एस्टेट के प्रबंधन कार्यालय
- आवेदन पत्र मतदाता पंजीकरण वेबसाइट से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं (http://www.vr.gov.hk) ।

फॉर्म जमा करना

सम्पूरित और हस्ताक्षरित आवेदन फॉर्म REO को भेजा जा सकता है:

(1) डाक द्वारा (पता: 13/F, Kowloonbay International Trade & Exhibition Centre, 1 Trademart Drive, Kowloon Bay, Kowloon);

(2) फैक्स से (फैक्स नंबर: 2891 1180);

(3) ईमेल से (ईमेल पता: form@reo.gov.hk); या

(4) पंजीकरण और चुनाव कार्यालय के ऑनलाइन अपलोड प्लेटफॉर्म (www.reo-form.gov.hk) पर स्कैन की गई कॉपी और पते का प्रमाण अपलोड करके।

मतदाताओं को सही और सटीक जानकारी प्रदान करनी चाहिए। निर्वाचन मामलों के आयोग के विनियम के तहत किसी भी व्यक्ति को जान बूझकर या लापरवाही से पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय को झूठी या भ्रामक जानकारी (उदाहरण के लिए: झूठा आवासीय पता) पेश करना अपराध है, और इसके पश्चात, यदि वह व्यक्ति चुनाव पर वोट डालता है, वह चुनाव (भ्रष्ट और अवैध आचरण) अध्यादेश (कैप 554) का भी उल्लंघन करेगा।

पूछताछ

यदि आप चीनी या अंग्रेजी दोनों नहीं बोलते हैं और REO से मतदाता पंजीकरण के विषय में पूछताछ करना चाहते हैं तो आप CHEER से सहायता ले सकते हैं जो नि:शुल्क फोन पर व्याख्या सेवा प्रदान करता है। आप CHEER के व्याख्याकार से REO के अधिकारी के साथ REO की पूछताछ हॉटलाइन (2891 1001) डायल करके एक सम्मेलन कॉल करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह कॉल REO के कार्यालय समय के दौरान सुबह 8:45 बजे से शाम 6 बजे, सोमवार से शुक्रवार तक (सार्वजनिक अवकाश छोड़कर) की जा सकती है। सम्मेलन कॉल जुड़ने पर आप सीधे CHEER के व्याख्याकार के माध्यम से REO के अधिकारी से बात कर सकते हैं।

CHEER के हॉटलाइन नंबर इस प्रकार हैं:

भाषा	**हॉटलाइन नंबर**
बहासा इंडोनेशिया	3755 6811
नेपाली	3755 6822
उर्दू	3755 6833
पंजाबी	3755 6844
तागालोग	3755 6855
थाई	3755 6866
हिंदी	3755 6877
वियतनामी	3755 6888